**बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत मदरसा फलाहुल मुस्लिमिन, गोआपोखर, भौआड़ा, प्रखंड-रहिका, जिला-मधुबनी में 50 शैयूया वाले छात्रावास (G+2) एवं 06 वर्ग कक्ष इत्यादि का निर्माण कार्य के परिवाद निस्तार हेतु दिनांकः 12.12.2025 को आहूत निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

---

**<u>उपस्थितिः-</u>**

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
   प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-
   सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री अनिल कुमार,** - सदस्य
   मुख्य महाप्रबंधक,
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
4. **श्री सुनील कुमार,** - सदस्य
   महाप्रबंधक (उत्तर),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
5. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना
6. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   महाप्रबंधक (वित्त),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | :- | **बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत मदरसा फलाहुल मुस्लिमिन, गोआपोखर, भौआड़ा, प्रखंड-रहिका, जिला-मधुबनी में 50 शैयूया वाले छात्रावास (G+2) एवं 06 वर्ग कक्ष इत्यादि का निर्माण कार्य।** |
| 2. | **प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग** | :- | ₹ 5,56,19,000.00, पत्रांक-386, दिनांकः 18.09.2025. |
| 3. | **प्रावैधिक स्वीकृति की राशि एवं तिथि** | | ₹ 6,32,96,000.00, 22.10.2025 |
| 4. | **परिमाण विपत्र की राशि** | :- | ₹ 5,96,57,675.00 |
| 5. | **निविदा आमंत्रण संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | :- | ई-निविदा/ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0-55/2025-26, 016055-(B&C) 2025-26 |
| 6. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | :- | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 7. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः-** | :- | हिन्दुस्तान, दिनांकः 27.09.2025 |
| 8. | **निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय** | :- | दिनांक-22.10.2025 से 14.11.2025 के 15:00 बजे तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय | :- | दिनांक-17.11.2025 के 15:00 बजे तक |
| 10. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | | दिनांक-18.11.2025 के 15:00 बजे तक |
| 11. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता | :- | (i) M/s Lal Babu Singh, Add.- Hanuman Nagar, Stadium Road, Ward No.-20, Madhubani, Bihar-847211, Dist.-Madhubani.<br>(ii) M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar |
| 12. | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के अनुशंसा की तिथि | :- | 11.12.2025 |

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदाः-**

इस ई-निविदा में दो निविदादाताओं ने भाग लिया है। दिनांक-01.12.2025 को आयोजित निगम निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में इस ई-निविदा में **भाग लेनेवाले दोनों निविदादाताओं (i) M/s Lal Babu Singh, Add.- Hanuman Nagar, Stadium Road, Ward No.-20, Madhubani, Bihar-847211, Dist.-Madhubani एवं (ii) M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar को तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।** निगम निविदा समिति से संबंधित कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर दिनांक-08.12.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त करने हेतु रखा गया। दिनांक-07.12.2025 को निविदादाता M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar के द्वारा परिवाद समर्पित किया गया जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

| परिवाद के बिन्दु | समीक्षा |
|---|---|
| उपरोक्त विषयक एवं प्रासंगिक मामले में कहना है कि वर्णित कार्य की निविदा में मैनें सारे शर्तों को भली भाँती पूरा करते हुए भाग लिया था साथ ही साथ इस निविदा में मेरे अलावे एक अन्य संवेदक (M/S Lal Babu Singh) नें भी भाग लिया था, यह पुर्ननिविदा थी।<br>अचानक दिनांक-05.12.2025 को निगम के बेवसाईट द्वारा मुझे जानकारी मिली कि दिनांक-01.12.2025 को आपकी अध्यक्षता में वर्णित कार्य में निगम निविदा समिति की बैठक आहुत की गई, जिसमें मेरे तकनीकी बीड को यह कहते हुए असफल घोषित कर दिया गया कि मेरे द्वारा किसी भी विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है। | ई0 निविदा/ ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-55/2025-26 के कंडिका-12 में स्पष्ट किया गया है कि "कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित हों अथवा राष्ट्रीय स्तर के हों, निविदा मे भाग ले सकते |

| | |
|---|---|
| वर्णित मामले में मुझे आपका ध्यान निगम द्वारा अपलोड किए गये Standard Bidding Document (S.B.D) में संलग्न Notice Inviting Tender की कंडिका-1.1 की ओर कराना चाहता हूँ जो कहता है कि :- <br> Clause 1-1 Issue of Tender to any Contractor registered with Central Government/any state Government of any PSU Or an agency of international of national repute may be submitted without the registration. However, registration with the concerned works department will be essential after issue of L.O.A. <br> वर्णित कंडिका के अवलोकन से पूरी तरह से स्पष्ट है कि वर्णित निविदा के साथ निबंधन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य नहीं था। लेकिन यह अनिवार्य था कि अगर वर्णित कार्य मुझे या किसी अन्य संवेदक को आवंटित होता है तो LOA Issue होने के पश्चात एवं एकरारनामा के पूर्व आपके निगम में निबंधन कराना अनिवार्य होगा अर्थात मुझे यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि आपकी अध्यक्षता में निगम निविदा समिति में लिया गया निर्णय वर्णित निविदा शर्तों के अनुरूप नहीं है, क्यों कि मेरी तकनीकी निविदा को केवल किसी भी विभाग का निबंधन प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं करने के आलोक में असफल घोषित किया गया है। <br> इसके अलावे I.T.B. की कंडिका-12.1 के भाग-1 के अवलोकन से भी स्टष्ट है कि निबंधन प्रमाण-पत्र संलग्न करने की अनिवार्यता इस निविदा में नहीं थी। <br> इस संदर्भ में मैं आपका ध्यान वर्णित निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र की ओर कराना चाहता हूँ जिसके अवलोकन से यह स्पष्ट है कि मैं रेलवे का पुरा अनुभवी संवेदक हूँ और हमने वर्णिय कार्य की निविदा में वांछित अनुभव प्रमाण-पत्र भी संलग्न किया है लेकिन यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा किसी भी संवेदक को निबंधन प्रमाण पत्र नहीं किया जाता है। इसकी पुष्टि भी आप रेलवे से कर सकते है। <br> अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में श्रीमान् से मेरा अनुरोध है कि हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित करते हुए मेरी वित्तीय बीड को खोलकर वर्णित कार्य की निविदा का निष्पादन नियमानुसार करने की कृपा की जाए, इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा। | है परन्तु कार्य का लेटर आफ एक्सेपूटेंस प्राप्त होने के बाद भवन निर्माण विभाग में समुचित श्रेणी में ऑनलाईन निबंधन (भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक-5501(भ0) , दिनांक-20.09.2021 के आलोक में) कराना अनिवार्य होगा। वैसे संवेदक जो निविदा में भाग लेने के लिए भवन निर्माण विभाग का निबंधन उपयोग में लाते हैं उनका ऑनलाईन निबंधन ही मान्य होगा। संवेदक द्वारा Partnership Deed का कागजात समर्पित किया गया है जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित नहीं है। <br> अतः उक्त के आलोक में परिवादी के परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

**<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-</u>**

उपर्युक्त के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा दिनांक-01.12.2025 के निविदा समिति के निर्णय को यथावत रखते हुए निविदा में भाग लेनेवाले **दोनों निविदादाताओं (i) M/s Lal Babu Singh, Add.- Hanuman Nagar, Stadium Road, Ward No.-20, Madhubani, Bihar-847211, Dist.-Madhubani एवं (ii) M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar को तकनीकी बीड में असफल घोषित** किये जाने की अनुशंसा की जाती

है। साथ ही वित्त विभाग बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806 (वि), दिनांकः 30.09.2016 में निहित निदेश के आलोक में उक्त ई-निविदा को रद्द करने की अनुशंसा की गई है।

**निगम निविदा समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांकः-11.12.2025 की अनुशंसा के आलोक में इस ई-निविदा में भाग लेनेवाले दोनों निविदादाताओं **(i) M/s Lal Babu Singh, Add.- Hanuman Nagar, Stadium Road, Ward No.-20, Madhubani, Bihar-847211, Dist.-Madhubani. (ii) M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar** को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। M/s Global Industries, Add.- Thakurichak, Garhara, Begusarai-851126. Bihar के परिवाद को अमान्य किया जाता है। साथ ही वित्त विभाग बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806 (वि), दिनांकः 30.09.2016 में निहित निदेश के आलोक में उक्त ई-निविदा को रद्द करने का निर्णय लिया जाता हैं। मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना के द्वारा पुनर्निविदा की कार्रवाई की जाएगी।

निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर डाली जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुआ।

(विकास कुमार पाण्डेय)
महाप्रबंधक(वित्त),
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(विकास कुमार पाण्डेय)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(सुनील कुमार)
महाप्रबंधक(उत्तर),
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(अनिल कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(कुमार रवि)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना